

# AEON ग्रुप का भावी दृष्टिकोण

## AEON ग्रुप का भावी दृष्टिकोण


दृष्टिकोण का कथन 02

*AEON* और *MIRAI* की कहानी 04


हमारे दृष्टिकोण की स्थिति और संरचना 12

AEON ग्रुप जिसे साकार करना चाहता है वह भविष्य 14

AEON ग्रुप का लक्ष्य 16

महत्वपूर्ण व्यवहार और प्रतिज्ञाएँ 20

# प्रत्येक व्यक्ति की खुशियां खिलानेवाली भविष्य की जीवनशैली का निर्माण करना



## हमारे दृष्टिकोण के कथन में अंतर्निहित विचार

स्थायी तत्व यह है कि, “ग्राहक” हमारा प्रारंभिक बिंदु है और “जीवनशैली” को हमारी व्यावसायिक गतिविधियों का क्षेत्र मानकर, ग्राहकों के जीवन में समृद्धि और आनंद लाना हमारा उद्देश्य है।

हम जो परिवर्तन लाएंगे वह है कि, हम “प्रत्येक व्यक्ति” की इच्छाओं को अभूतपूर्व ढंग से आकर्षित करेंगे। हम न केवल बदलते भविष्य के अनुकूल बनेंगे, बल्कि भविष्य की जीवनशैली का “निर्माण” भी करेंगे।

इसलिए, हमसे उत्पन्न होकर, हमारे ग्राहकों में फैलनेवाली “खुशियों” को हमने रंग-बिरंगे फूलों की उपमा दी है, और इन्हें “खुशियां खिलाना” कहा है।

यह कहानी है

हमारी, *AEON* और *MIRAI* की*।





(हम कहाँ जा रहे हैं?)

यह प्रश्न अचानक *AEON* के मन में आया।

तब महसूस हुआ कि, *MIRAI* बगल में था।

भविष्य में जीवन और समाज कैसा होगा।



* जापानी भाषा में *MIRAI* का अर्थ है, “भविष्य”।




भविष्य कभी पूर्वनिर्धारित नहीं होता।

*MIRAI* ने मुस्कराकर जवाब दिया।

लेकिन हम वर्तमान दुनिया से,
निकट भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं।

उदाहरण के लिए,
क्या तकनीक मनुष्य को और अधिक स्वतंत्र बनाएगी?
या कुछ लोगों को इससे परेशानी होगी।





क्या पर्यावरण की समस्याएं और गंभीर होंगी? या इसके माध्यम से पूरी दुनिया एक होगी।

लेकिन, भविष्य कैसा होगा इसकी कुछ हद तक कल्पना की जा सकती है।

क्योंकि, “हमें इस तरह के जीवन और समाज को साकार करना है” यह मात्र विचार भी, भविष्य निर्माण का एक हिस्सा बनता है।

*MIRAI* ने दूर की ओर इशारा करते हुए कहा,

देखो, सिर उठाओ और ठीक से देखो।
हम जो अनुमान लगा सकते हैं, उससे भी बहुत आगे।
तुम्हें क्या दृश्य दिख रहा है?

मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।
बस एक खाली दुनिया है।





अच्छा, तो फिर कल्पना करो।
अपने मन में उन दृश्यों को बनाने का प्रयास करो, जिन्हें तुम देखना चाहती हो।

*AEON* ने फिर से ऊपर देखा, बहुत दूर।
मानो एक खाली सफेद कैनवास देख रही हो।

## ...आह!



खुशियां हैं! मुझे खुशियां दिख रही हैं!

इतने खुश चेहरे मैंने पहले कभी नहीं देखे।

जहाँ तक नज़र जाती है, खिले हुए फूलों की तरह खिली-खिली खुशियां दिख रही हैं।

देखो, हमारे ग्राहक और हम एक साथ हंस रहे हैं!







इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता, परंतु कल्पना की जा सकती है। और जिसकी कल्पना की जा सकती है, उसका निर्माण भी किया जा सकता है।

हाँ, मैंने वह दृश्य देखा।
जिसे हम साकार करना चाहते हैं।

*AEON* ने चमकती आँखों से उत्तर दिया।

## प्रत्येक व्यक्ति की खुशियां खिलानेवाली भविष्य की जीवनशैली का निर्माण करना

जब तक आपके मन में फूलों की तरह रंगीन खुशियां हैं, तब तक आप इसे साकार कर सकते हैं।

## हमारा दृष्टिकोण भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक होता है

यह कहानी उस भविष्य के लिए आरंभ-रेखा है जिसका हमने लक्ष्य रखा है। आपने किस प्रकार के दृश्यों की कल्पना की? आगे उल्लिखित “AEON ग्रुप का भावी दृष्टिकोण”, “एऑन के मूल सिद्धांत” के अनुसार, ग्रुप की कंपनियों तथा AEON के लोगों के विचारों और शक्ति के साथ, भविष्य की दिशा में काम करने के लिए एक मार्गदर्शक है।

यह दृष्टिकोण, “AEON ग्रुप जिसे साकार करना चाहता है वह भविष्य”, उसे साकार करने के लिए “AEON ग्रुप का लक्ष्य” और AEON के लोगों की दृष्टि से “महत्वपूर्ण व्यवहार और प्रतिज्ञाएँ”, इन 3 से मिलकर बना हुआ है।

और “दृष्टिकोण का कथन” इस संपूर्ण दृष्टिकोण को एक वाक्य में व्यक्त करता है।



### दृष्टिकोण का कथन

## प्रत्येक व्यक्ति की खुशियां खिलानेवाली भविष्य की जीवनशैली का निर्माण करना

### AEON ग्रुप जिसे साकार करना चाहता है वह भविष्य

एक ऐसा भविष्य जहां है ग्राहक एक “उज्ज्वल समाज” और “व्यक्तिगत आनंद” का प्रत्यक्ष अनुभव करके, एक “समृद्ध जीवन जी सकते हैं और खुशियां फैला सकते हैं



### AEON ग्रुप का लक्ष्य

एक ऐसा ग्रुप, जो जीवनशैली के सह-निर्माण का नेतृत्व करता है और समग्र रूप से व्यक्तियों और समाज दोनों को समृद्ध करता है

### महत्वपूर्ण व्यवहार और प्रतिज्ञाएँ

- तीन व्यवहार -

“अपने विचारों के आधार पर स्वयं स्फूर्ति से कार्य करना”
“सीखना जारी रखना और नए मूल्यों का निर्माण करना”
“संबंध बनाना, उनका पोषण करना और सह-निर्माण करना”

- एक प्रतिज्ञा -

“हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना”

## एक ऐसा भविष्य जहां है ग्राहक एक “उज्ज्वल समाज” और “व्यक्तिगत आनंद” का प्रत्यक्ष अनुभव करके, एक “समृद्ध जीवन जी सकते हैं और खुशियां फैला सकते हैं”

जैसे-जैसे परिवर्तन की गति तेज होती है और विविध घटनाएं आपस में जुड़ती हैं, तब भविष्य का अनुमान लगाना अधिक कठिन होता है। कई आश्चर्यजनक मुठभेड़ और सुखद खोजों के साथ ही, अधिक जटिल और गंभीर चुनौतियां भी बढ़ सकती हैं।

तकनीकी प्रगति मानवीय क्षमताओं का विस्तार करती है। व्यक्तित्व, सहानुभूति और विश्वास आदि, अपने मन के भीतर से प्राप्त किए जा सकते हैं, ऐसी समृद्धि की ग्राहक अधिक तलाश करेंगे।

हम अपने ग्राहकों के दृष्टिकोण से “साकार करना चाहता है वह भविष्य” की कल्पना करते हैं।

### एक ऐसा भविष्य जहां ग्राहक “उज्ज्वल समाज” का अनुभव कर सकते हैं

हमारे जीवन में नई सुविधाएं, आराम और रोमांचक अनुभवों की वृद्धि होगी। पर्यावरणीय समस्याओं और विषमताओं जैसे, सामाजिक विकास के नकारात्मक पहलुओं के बारे में चिंता समाप्त होगी। इसके माध्यम से हम एक ऐसा भविष्य साकार करना चाहते हैं जहां हमारे ग्राहक एक उज्ज्वल समाज का अनुभव कर सकें।

### एक ऐसा भविष्य जहां ग्राहक “व्यक्तिगत आनंद” का अनुभव कर सकते हैं

अपनी क्षमताओं को पहचानें और अपना विकास कर सकें, अपने स्वयं के व्यक्तित्व और आकर्षण को व्यक्त कर सकें, अपने स्वयं के लिए सही स्थान और ऐसे व्यक्तियों को खोज पाएं, जो एक दूसरे पर सहानुभूति और विश्वास कर सकें। इसके माध्यम से हम एक ऐसा भविष्य साकार करना चाहते हैं जहां हमारे ग्राहक व्यक्तिगत आनंद का अनुभव कर सकें।

### एक ऐसा भविष्य जहां ग्राहक “समृद्ध जीवन जी सकते हैं और खुशियां फैला सकते हैं”

समाज का विकास और प्रत्येक व्यक्ति की खुशी कभी-कभी विरोधाभासी होते हैं। इन दोनों के संतुलन से हमारे ग्राहक संतुष्ट होंगे और उनके चेहरों पर खुशियां आएगी। हम एक ऐसा भविष्य साकार करना चाहते हैं, जहां ऐसी खुशियों का असीमित विस्तार हो।

## एक ऐसा ग्रुप, जो जीवनशैली के सह-निर्माण का नेतृत्व करता है और समग्र रूप से व्यक्तियों और समाज दोनों को समृद्ध करता है

हम, हमारे ग्राहकों और समदृष्टि रखनेवाले सहकर्मियों के साथ मिलकर, एक ऐसा ग्रुप बनना चाहते हैं, जो खुशियां बिखेरनेवाली, भविष्य की जीवनशैली का निर्माण करे।

हम एक ऐसा ग्रुप बनना चाहते हैं जो अपने नवाचार और सह-निर्माण नेतृत्व के माध्यम से व्यक्तियों और समाज दोनों को विकसित और समृद्ध करे।

हम अपने उत्पादों और सेवाओं को विकसित करके और “संबंध” कीवर्ड के साथ अपनी अगली भूमिका को निभाते हुए, अभूतपूर्व मूल्य प्रदान करते रहेंगे।



4 भूमिकाएँ निभाते हुए नए मूल्य प्रदान करना। यही हमारी चुनौती है।

## लोगों के साथ गहराई से जुड़ना

उत्पादों और सेवाओं के प्रावधान से पहले और बाद में संपर्क होने पर, हम अपने संबंधों को और अधिक गहरा करेंगे, प्रत्येक व्यक्ति की जीवनशैली की व्यापक समझ हासिल करेंगे और अपने ग्राहकों की भावनाओं और विचारों को समझने की कोशिश करेंगे। अपनी स्वयं की क्षमता को जानने, अपने व्यक्तित्व को प्रदर्शित कर पाने, और अपने जीवन का अधिक आनंद ले सकें, इस हेतु से हम अपने ग्राहकों को वह मूल्य प्रदान करेंगे जो वे वास्तव में चाहते हैं।

## लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ना

हम ग्राहकों को उनके व्यक्तिगत मूल्यों और रुचियों के आधार पर एक दूसरे से जोड़ेंगे। हम पीढ़ियों और दूरी जैसी बाधाओं को पार कर, ऐसे अवसर, समय और स्थान प्रदान करेंगे, जहां लोग सहानुभूति रखनेवाले आपसी विश्वासप्राप्त लोगों के साथ खुशी और आनंद को साझा कर सकें।

## लोगों को समाज से जोड़ना

हम व्यक्तियों और समाज को जोड़ेंगे ताकि हमारे ग्राहक अपने आसपास के लोगों के साथ संबंधों के माध्यम से और दूसरों के लिए उपयोगी बनकर मन की समृद्धि का पोषण कर सकें। अपने व्यक्तित्व और क्षमताओं को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने और समाज का हिस्सा होने की खुशी का अनुभव कर पाएं, इसके लिए हम अवसर और साधन प्रदान करेंगे।

## संबंधों का विस्तार करना

हम ग्राहक के "व्यक्तिगत परिवेश" से "क्षेत्र" और "दुनिया" तक संबंधों का विस्तार करेंगे, ताकि अपने दैनिक जीवन से वे समग्र रूप से समाज की समृद्धि का स्मरण कर पाएं। अपने ग्राहकों के साथ मिलकर हम एक उज्जवल समाज की खुशियों से भरी जीवनशैली निर्माण करने का प्रयास करेंगे।

## महत्वपूर्ण व्यवहार और प्रतिज्ञाएँ

लगातार नवाचार को बढ़ावा देनेवाले एक कॉर्पोरेट समूह के रूप में हमारे दृष्टिकोण को साकार करने हेतु हम निम्नलिखित तीन व्यवहार और एक प्रतिज्ञा को साझा कर, खुशियां खिलानेवाली जीवनशैली का निर्माण करेंगे।



## तीन व्यवहार

"अपने विचारों के आधार पर स्वयं स्फूर्ति से कार्य करना"

हम ग्राहकों के दृष्टिकोण से सोचकर, उन विचारों को संप्रेषित करेंगे और उनके आधार पर कार्य करेंगे। स्वयंस्फूर्त कार्यों से उत्पन्न संवाद और सहयोग का हम नवाचार के लिए एक शक्ति के रूप में उपयोग करेंगे।

"सीखना जारी रखना और नए मूल्यों का निर्माण करना"

सीखना जारी रखते हुए, हम हमारे कार्यों की संभावनाओं का विस्तार करेंगे। हम अभ्यास के माध्यम से ज्ञान की खोज करेंगे और अपनी विशेषज्ञता को परिष्कृत करके नए मूल्यों का निर्माण करेंगे।

"संबंध बनाना, उनका पोषण करना और सह-निर्माण करना"

हम कंपनियों, समूहों और संगठनों की सीमाओं से परे विविध संबंध बनाएंगे और उनका पोषण करेंगे। संबंधों के माध्यम से हम आपसी शिक्षण तथा मूल्य निर्माण के चक्र को तेज करेंगे, और भविष्य की जीवनशैली का सह-निर्माण करेंगे।

## एक प्रतिज्ञा

"हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना"

ईमानदारी और निष्ठा के कारण ही हमारे कार्यों पर भरोसा किया जाता है और हमारे विचार सहानुभूतिपूर्ण बनते हैं। ग्राहकों और सहकर्मियों की सहानुभूति ही सह-निर्माण के लिए शुरूआती बिंदु होती है। हम भविष्य में भी ईमानदार और निष्ठावान बने रहने की प्रतिज्ञा करते हैं।

कल्पना करें। निर्मा करें।
रंग-बिरंगी खुशियों से भरे भविष्य की।

AEON